# AI और तकनीक का महामंच, लखनऊ में दिखेगी डिजिटल भविष्य की दिशा

■ NBT रिपोर्ट, लखनऊ

■ लखनऊ मे आज और कल होगी 'यूपी एआई एवं हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस'
■ यूपी सूचना प्रौद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की तरफ से आयोजन

स्वास्थ्य सेवाओं में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस (एआई) और तकनीक का इस्तेमाल कितना कारगर हो सकता है? इसकी संभावनाएं और चुनौतियों को लेकर लखनऊ में 12 और 13 जनवरी को 'यूपी एआई एवं हेल्थ इनोवेशन कॉन्फ्रेंस' का महामंच सजेगा। यह आयोजन यूपी के 'सूचना प्रोद्योगिकी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग' और 'चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय' की तरफ से किया जाना है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक इस आयोजन के लिए भारत सरकार के इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय भी सहयोग कर रहा है।

दावा किया जा रहा है कि इस आयोजन में सभी राज्यों के स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े आला अधिकारी, तकनीकी विशेषज्ञ, प्रशासक और हेल्थ प्रोफेशनल के अलावा अंतरराष्ट्रीय स्तर के विशेषज्ञ भी हिस्सा लेने आएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ होंगे। इसके अलावा डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद भी मौजूद रहेंगे। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक दो दिन की इस कार्यशाला में हर राज्य से आए प्रतिनिधि अपने यहां चल रही या विकसित हो चुकी तकनीक, डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर, स्वास्थ्य क्षेत्र में डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन, डेटा प्रबंधन और नई तकनीकों के बारे में चर्चा करेंगे। कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य क्षेत्र में एआई के उपयोग की सबसे बेहतर तकनीक, इंडिया एआई मिशन एवं एआई इंपैक्ट समिट 2026, यूपी समेत सभी राज्यों में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एआई की तैयारी और उसके अमल के साथ राज्यों के लिए एआई रोडमैप तैयार करने पर विशेषज्ञ अपने विचार रखेंगे और देश दुनिया में चल रहे एआई मॉडल के बारे में बताएंगे। इसके अलावा टेलीमेडिसिन को मजबूत करने के साथ ही आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन पर भी चर्चा होगी। कॉन्फ्रेंस में एआई एवं हेल्थ इनोवेशन एक्सपो का भी आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा एआई आधारित स्वास्थ्य हैकाथन होगा।